# संस्कृत विभाग

दयानन्द वैदिक कालेज, उरई (जालौन) उ0प्र0, 285001

(सम्बद्ध : बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी, उ0प्र0)

**NAAC ACCREDITED "B" GRADE WITH CGPA 2.61**

फोन नं0 : **05162-252214** ई–मेल :**dvcoffice11@gmail.com**

## संस्कृत साहित्य परिषद्

### सत्र : 2021–2022

**परिषद् गठन** – सत्र : 2021–22 (ऑनलाइन माध्यम)

**दिनांक** – 10 फरवरी 2022

दयानन्द वैदिक कॉलेज उरई का संस्कृत विभाग लगभग 5–7 वर्षों की शून्यता को त्याग अक्टूबर 2018 से पुनः द्रुतगति से आगे बढ़ रहा है। 2018 से पहले 8–10 वर्षों में संस्कृत विभाग में विद्यार्थियों की संख्या नगण्य रहा करती थी, वहीं पर सत्र 2021–22 में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में रिकॉर्ड 93 विद्यार्थियों ने संस्कृत विषय का चयन किया। द्वितीय वर्ष में भी लगभग 50 और तृतीय वर्ष में लगभग 30 विद्यार्थी विभाग की उत्तरोत्तर प्रगति का सूचक हैं।

मार्च 2020 से आए कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन से शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक जैसी सभी प्रकार की गतिविधियां प्रभावित रहीं यह सर्वविदित है। सत्र 2021–22 में भी कोविड–19 की दूसरी लहर के कारण महाविद्यालय का भौतिक रूप से संचालन कई बार बाधित हुआ परन्तु विद्यार्थियों के हित में उत्तर प्रदेश सरकार एवं विश्वविद्यालय के निर्देशों पर कॉलेज लगातार वैकल्पिक ऑनलाइन माध्यमों से प्रयोग करता रहा। क्योंकि विद्यार्थियों का हित एवं सर्वांगीण विकास संस्था का सर्वोपरि उद्देश्य है।

संस्कृत साहित्य परिषद् का कई माह से अवरुद्ध गठन भौतिक रूप से सम्पन्न ना हो सका तो 10 फरवरी 2022 को गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन सम्पन्न कराया गया। जिसमें कॉलेज के आदरणीय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) राजेश चन्द्र पाण्डेय जी, चुनाव अधिकारी डॉ. कृपाशंकर यादव, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, डी.वी. कॉलेज उरई, डॉ. श्रवण कुमार त्रिपाठी, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, रक्षा अध्ययन विभाग, डी.वी कॉलेज उरई, डॉ. मोनू कुमार मिश्र, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, गांधी महाविद्यालय उरई तथा बी.ए. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संस्कृत विभाग के प्रभारी एवं संस्कृत साहित्य परिषद् के संयोजक डॉ. सर्वेश कुमार शाण्डिल्य की देखरेख में चुनाव अधिकारी डॉ. कृपाशंकर यादव जी के द्वारा ऑनलाइन चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विगत वर्षों की भांति बड़े ही उत्साह से चुनाव प्रक्रिया का पालन किया और सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया।

चुनाव के बाद परिषद् की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के सम्मान्य प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. राजेश चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि कोरोना वायरस का यह कालखण्ड सभी दृश्यों में अपकर्ष का काल है पर मेरी कोशिश है कि इस दौर में भी महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित ना हों इस हेतु इस सत्र में ऑनलाइन माध्यम से शिक्षण के अलावा कॉलेज की परिषदों का गठन किया जा रहा है। प्राचार्य जी ने कहा कि सभी विद्यार्थी इस कोरोना वायरस के समय अपना और अपने परिवार का ध्यान रखें। वायरस से बचने के जो 2 गज की दूरी, मास्क, सैनिटाइजर का प्रयोग जैसे साधनों का प्रयोग करें और अपने गांव एवं क्षेत्र में लोगों को जागरुक करें। साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाइयां दीं।

इस अवसर पर गांधी महाविद्यालय से जुड़े डॉ. मोनू कुमार मिश्र ने कठिन परिस्थितियों में भी सम्पन्न हुई छात्र–छात्राओं की भागीदारी वाली इस शैक्षिक गतिविधि पर हर्ष प्रकट किया और विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए सकारात्मक रहने के साथ ईश्वर चिन्तन, योग एवं ध्यान जैसे कई साधनों को सरल विधि से बताकर सभी को मनोबल प्रदान किया।

चुनाव अधिकारी डॉ. कृपाशंकर यादव जी ने पदाधिकारियों को बधाइयां दी और कहा कि आप लोग कोविड 19 से अपना बचाव करते हुए घर पर ऑनलाइन माध्यम से पढ़ें और अपने, विभाग एवं कालेज के उत्कर्ष में योगदान दें।

उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापन संस्कृत साहित्य परिषद् के संयोजक एवं कार्यक्रम के संचालक डॉ. सर्वेश कुमार शाण्डिल्य ने किया।

समस्त पदाधिकारियों की सूची इस प्रकार है–

| क्र.सं. | पदनाम | पदाधिकारी | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | नीलम राजपूत | बी.ए. तृतीय वर्ष |
| 2. | उपाध्यक्ष | प्रद्युम्न | बी.ए. द्वितीय वर्ष |
| 3. | महामन्त्री | अभय द्विवेदी | बी.ए. प्रथम सेमेस्टर |
| 4. | संयुक्त मन्त्री | चन्द्रकान्त | बी.ए. तृतीय वर्ष |
| 5. | कोषाध्यक्ष | कृति तिवारी | बी.ए. प्रथम सेमेस्टर |

6. कार्यकारिणी सदस्य :

| | | |
|---|---|---|
| 1. मुस्कान बानो | 2. अभिषेक सोनी | 3. प्रियंका |
| 4. गुरुदेव | 5. गौरव सिंह सेंगर | 6. मोहन पांचाल |

यह उपक्रम संस्कृत विभाग के विद्यार्थियों को निरन्तर गतिमान् और शैक्षिक रूप से समृद्ध करने का काम करेगा।

दिनांक – 10/02/2022

Sarvesh Kumar Shandilya

डॉ. (सर्वेश कुमार शाण्डिल्य)
संयोजक, संस्कृत साहित्य परिषद्,
असिस्टेण्ट प्रोफेसर एवं प्रभारी
संस्कृत विभाग, डी.वी. कॉलेज, उरई